आदित्य के खास अब घोले ने भी छोड़ा साथ

अमेय ने श्रद्धा जाधव एवं सूरज चव्हाण पर फोड़ा ठीकरा

शिंदे गुट में जाने की चल रही तैयारी!

■ **मुंबई,** नवभारत न्यूज नेटवर्क. युवा नेता प्रमुख आदित्य ठाकरे को बड़ा झटका लगा है. उनके अत्यंत करीबी रहे युवा सेना के कोषाध्यक्ष पूर्व नगरसेवक अमेय घोले ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है. सूत्रों के मुताबिक घोले ने शिंदे गुट में जाने की तैयारी की है, लेकिन उन्होंने युवा सेना को छोड़ने के लिए पूर्व महापौर श्रद्धा जाधव एवं शिवसेना सचिव सूरज चव्हाण को जिम्मेदार ठहराया है. युवा सेना की स्थापना के बाद से अब तक कोषाध्यक्ष पद पर काम करने वाले अमेय घोले कॉलेज के समय से आदित्य ठाकरे के करीबी रहे हैं. आदित्य ने ही अमेय घोले को दादर जैसे इलाके से टिकट दिलवाया और वे नगरसेवक निर्वाचित हुए. घोले को स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष की भी जिम्मेदारी दी गई, लेकिन 10 माह पहले शिवसेना में हुई बगावत के बाद से ही ठाकरे एवं घोले के बीच मनमुटाव शुरू हो गया. इसका प्रमुख कारण पिछले जनवरी माह में घोले ने युवा सेना के व्हाट्सएप ग्रुप से अपने आप को अलग कर लिया था एवं युवा सेना कोर कमेटी की बैठक से भी शामिल होने से मना कर दिया था. तभी से कयास लगाया जा रहा था कि अमेय घोले देर-सबेर शिंदे गुट में शामिल हो सकते हैं. हालांकि घोले लगातार इससे इंकार करते रहे. अमेय घोले ने सोमवार को युवा सेना प्रमुख आदित्य ठाकरे को अपना इस्तीफा सौंप दिया.

गणेशोत्सव के दौरान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का गणेश पंडाल में स्वागत करना था. ठाकरे को लिखे पत्र में घोले ने कहा है कि पूर्व महापौर एवं महिला संगठक श्रद्धा जाधव एवं शिवसेना सचिव सूरज चव्हाण उनके काम में अड़ंगा डालते रहते हैं, जिसकी वजह से हमें मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ता है. उन्होंने कहा है कि जो जिम्मेदारी हमें दी गई उसे 13 सालों तक हमने बखूबी निभाया है. उन्होंने यह भी कहा है कि हमारी मित्रता कायम रहेगी. इसके बाद से बीच-बीच में घोले के शिंदे गुट में जाने की खबरें आती रहीं थीं.

दिल्ली HC में दावे से पलटे संजय राऊत

'2,000 करोड़ में पार्टी का निशान'

■ **मुंबई** नवभारत न्यूज नेटवर्क. मानहानि मामले में उद्धव गुट के सांसद संजय राऊत ने दिल्ली हाई कोर्ट से कहा कि इस तरह के झूठे मुकदमे दर्ज करवाकर आवाज दबाने की कोशिश की जा रही है. उन्होंने कहा कि शिवसेना (उद्धव गुट) के नेताओं के खिलाफ भी साजिश की जा रही है. फरवरी में संजय राऊत ने दावा किया था कि शिवसेना का नाम और निशान पाने के लिए 2 हजार करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं. उन्होंने कहा था कि पैसे के दम पर चुनाव आयोग के फैसले को भी खरीद लिया गया. शिंदे गुट के सांसद शेवाले ने कहा था कि शिवसेना (यूबीटी) के नेता उनकी पार्टी के खिलाफ झूठे भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे हैं. इसके बाद 28 मार्च को जस्टिस प्रतीक जालान ने याचिका स्वीकार कर ली और उद्धव ठाकरे, आदित्य ठाकरे और संजय राऊत को समन जारी कर दिया. 13 अप्रैल को दाखिल किए गए जवाब में कहा गया, मानहानि का मुकदमा करके केवल हमारी आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है. एकनाथ शिंदे गुट के लोग ताकत और पद पाने के लिए पैसे खर्च करने को तैयार रहते हैं.

अभिनेत्री परेरा गिरफ्तार

ड्रग्स तस्करी के आरोप में शारजाह जेल में बंद

■ **मुंबई** नवभारत न्यूज नेटवर्क. 'सड़क 2' और 'बाटला हाउस' फिल्मों की अभिनेत्री क्रिसन परेरा को ड्रग्स तस्करी के मामले में संयुक्त अरब अमीरात में गिरफ्तार कर लिया गया है. उन्हें शारजाह सेंट्रल जेल में कैद किया गया है. भारतीय वाणिज्य दूतावास ने परेरा की गिरफ्तारी की जानकारी परिवार को दे दी है. हालांकि, परिवार का दावा है कि क्रिसन इस मामले में आरोपी नहीं, बल्कि पीड़ित है. शारजाह हवाई अड्डे पर परेरा के उतरने के बाद ही उन्हें वहां मौजूद अधिकारियों ने गिरफ्तार किया. क्रिसन के परिवार ने बताया कि उसे रवि नाम के एक शख्स ने बरगलाया था. उसने सबसे पहले क्रिसन की मां प्रेमिले परेरा से संपर्क किया था.

धर्माधिकारी ने तय किया था समारोह का समय : मुनगंटीवार

मुंबई. महाराष्ट्र के मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता सुधीर मुनगंटीवार ने कहा कि खारघर में 'महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार' समारोह के लिए समय का सुझाव अप्पासाहेब धर्माधिकारी ने दिया था. रविवार को इंटरनेशनल कॉरपोरेट पार्क में आयोजित समारोह में लू लगने एवं स्वास्थ्य से जुड़ी अन्य समस्याएं पेश आने के कारण 13 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा. चिलचिलाती धूप में आयोजित कार्यक्रम में काफी संख्या में लोग एकत्र हुए थे. भीषण गर्मी को नजरअंदाज करते हुए इतने बड़े पैमाने पर कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर राज्य सरकार की विपक्षी दलों के साथ-साथ सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने भी आलोचना की है.

INDIA'S BEST PERFORMING PORT
जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण
पत्तन योजना एवं विकास विभाग

लघु ई-निविदा सूचना

निविदा संख्या.: पीपीडी/एम-I /गेस्ट हाउस-I /टी- 15 /2023 तारीख 17.04.2023

जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण के द्वारा **"जेएनपीए स्थित विद्यमान विआयपी गेस्ट हाउस का उन्नयन एवं आधुनिकीकरण, फेस अप लिफ्ट, आंतरिक पुनर्व्यवस्था, वॉटर प्रूफिंग, और प्लंबिंग कार्य"** इस कार्य के लिये इस निविदा में नमूद किये हुवे "किमान अर्हताकारी निकषों" की पुर्ती करनेवाले अनुभवी ठेकेदारों से तारीख **18.04.2023 ते 15.05.2023** तक **दो लिफाफा में "ऑनलाइन"** वस्तू दर निविदाएं आमंत्रित की जाती है। कार्य की अनुमानित लागत **रू. 19,09,99,703/-** हैं। निविदा आमंत्रित करने की विस्तृत सूचना और निविदा दस्तावेज जेएनपीए के www.jnport.gov.in या https://eprocure.gov.in इस संकेतस्थलपर उपलब्ध है।

मुख्य प्रबंधक
(पत्तन योजना एवं विकास विभाग)

भारत रत्न डॉ. बाबासाहब आम्बेडकर की 132वीं जयंती पर मध्य रेलवे द्वारा 17 अप्रैल को आयोजित कार्यक्रम में महाप्रबंधक नरेश लालवानी ने डॉ. आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया. इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक आलोक सिंह, प्रधान मंडल प्रमुख, मंडल रेल प्रबंधक, मुंबई मंडल, मध्य रेलवे मुख्यालय और मुंबई मंडल के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे.

16 फायरकर्मियों को राष्ट्रपति वीरता अवार्ड

केंद्रीय गृह राज्यमंत्री राय के हाथों मिला पुरस्कार

■ **मुंबई,** नवभारत न्यूज नेटवर्क. अपनी जान जोखिम में डाल कर नागरिकों की जान बचाने वाले मुंबई फायर ब्रिगेड के 16 अग्निशमन सेवा अधिकारियों, कर्मचारियों को नागपुर में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय के हाथों राष्ट्रपति वीरता पदक से सम्मानित किया गया. पिछले 2 वर्षों से कोविड के कारण राष्ट्रपति वीरता पुरस्कार प्रदान नहीं किया जा सका था. सोमवार को नागपुर के नेशनल फायर सर्विस कॉलेज के ऑडिटोरियम में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया था, जिसमें अग्निशमन सेवा कर्मचारियों को सम्मानित किया गया. मुंबई अग्निशमन सेवा के अधिकारियों को राष्ट्रपति वीरता पुरस्कार फोर्ट परिसर में भानुशाली इमारत गिर गई थी, जिसमें अपने जान की बाजी लगाकर 23 लोगों की जान बचाई थी.

जान की बाजी लगाकर बचाई थी 23 की जान

प्रभात रहांगदले, हेमंत परब, आत्माराम मिश्रा, के.आर. यादव, बाला साहेब नेटके, पंकज पवार, संदीप आसेकर, राजेंद्र राजम को राष्ट्रपति वीरता पदक से नवाजा गया, जबकि फायरमैन बालू देशमुख को मरणोपरांत राष्ट्रपति पदक से प्रदान किया गया. इसी तरह किशोर घाडीगांवकर, सागर खोपड़े, विशाल विश्वासराव, दीपक जाधव, संजय गायकवाड़ और अग्निशामक गणेश चौधरी, संजय निकम को राष्ट्रपति वीरता पदक से सम्मानित किया गया.

NSE
नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड
"एक्सचेंज प्लाजा", बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई - 400 051

सार्वजनिक सूचना

सेबी (इक्विटी शेयरों की डीलिस्टिंग) विनियम, 2021 के विनियम 32(3) के अनुसार अनिवार्य रूप से कंपनियों के इक्विटी शेयरों की डीलिस्टिंग के लिए सार्वजनिक सूचना

सेबी (इक्विटी शेयरों की डीलिस्टिंग) विनियम, 2021 ("असूचीबद्धता विनियम") के विनियम 32 (3) के अनुसार और प्रतिभूति अनुबंध (विनियमन) अधिनियम, 1956 की धारा 21ए के अंतर्गत बनाए गए नियमों और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ़ इंडिया लिमिटेड ("एक्सचेंज") के नियमों, उपनियमों और विनियमों के अनुसार एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि एक्सचेंज द्वारा निम्नलिखित कंपनी को डीलिस्ट करने का प्रस्ताव रखा गया है क्योंकि उक्त कंपनी ने अन्य बातों के साथ-साथ अपनी प्रतिभूतियाँ डिलिस्ट करने का आधार बना दिया है, अर्थात उक्त कंपनी की प्रतिभूतियों का व्यापार सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विभिन्न प्रावधानों और इस संबंध में सेबी/एक्सचेंज द्वारा जारी किए गए विभिन्न परिपत्रों का अनुपालन न करने के कारण छह महीने से अधिक समय से निलंबित है.

एक्सचेंज ने कंपनी को उसके अंतिम ज्ञात पते और एक्सचेंज के अभिलेखों के अनुसार पंजीकृत ईमेल पते पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है, जिसमें उक्त कंपनी से इस संबंध में **कारण बताने के लिए** कहा गया है कि क्यों नहीं कंपनी के इक्विटी शेयरों को अनिवार्य रूप से एक्सचेंज से हटा दिया जाना चाहिए. कंपनी का नाम और एक्सचेंज के अभिलेखों के अनुसार उसका अंतिम ज्ञात पता नीचे दिया गया है :

क्रमांक	कंपनी	*कंपनी का पंजीकृत पता
1	जेआईके इंडस्ट्रीज लिमिटेड	पाडा नंबर 3, बलकुम गांव, थाने (पश्चिम), मुंबई, महाराष्ट्र 400608 भारत

***एक्सचेंज के अभिलेखों के अनुसार उपलब्ध पता.**

अनिवार्य डीलिस्टिंग के परिणामों में निम्नलिखित शामिल हैं :

– उपरोक्त कंपनी स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध नहीं रह जाएगी. कंपनी को स्टॉक एक्सचेंज की विकीर्णन समिति में ले जाया जाएगा (परिसमापनाधीन कंपनी, यदि कोई है, को छोड़कर).

असूचीबद्धता विनियमों के विनियम 34 के अनुसार,

1. डीलिस्ट की गई कंपनी, उसके पूर्णकालिक निदेशक, प्रतिभूति कानूनों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार व्यक्ति, उसके प्रवर्तक, और द्वारा प्रवर्तित कंपनियाँ इनमें से कोई भी इस तरह की डीलिस्टिंग की तिथि से दस वर्ष की अवधि तक प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रतिभूति बाजार में प्रवेश नहीं करेगा या किन्हीं इक्विटी शेयरों की लिस्टिंग की कोशिश नहीं करेगा या प्रतिभूति बाजार में मध्यस्थ के रूप में कार्य नहीं करेगा.
2. जिस कंपनी का उचित मूल्य धनात्मक है, उसके मामले में –

ए. इस तरह की कंपनी और डिपॉजटरीज़ प्रवर्तकों/प्रवर्तक समूह द्वारा धारित किन्हीं इक्विटी शेयरों की बिक्री, बंधक आदि के माध्यम से हस्तांतरण कार्यान्वित नहीं करेंगे और लाभांशों, राइट्स, बोनस शेयरों, स्प्लिट, आदि जैसे कॉर्पोरेट लाभों को प्रवर्तकों/प्रवर्तक समूह द्वारा धारित सभी इक्विटी शेयरों के लिए रोक दिया जाएगा, जब तक कि इस तरह की कंपनी के प्रवर्तकों द्वारा इन विनियमों के विनियम 33 के उप-विनियम (4) का अनुपालन करते हुए सार्वजनिक शेयरधारकों को बाहर निकलने का विकल्प नहीं प्रदान किया जाएगा, जैसा कि प्रासंगिक मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज द्वारा प्रमाणित है;

बी. अनिवार्य रूप से डीलिस्ट की गई कंपनी के प्रवर्तक, पूर्णकालिक निदेशक और प्रतिभूति कानूनों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार व्यक्ति भी किसी भी सूचीबद्ध कंपनी के निदेशक नहीं बन सकेंगे, जब तक कि खंड (ए) में उल्लेखानुसार बाहर निकलने का विकल्प नहीं प्रदान किया जाएगा.

असूचीबद्धता विनियमों के विनियम 33 के अनुसार,

1. जहाँ किसी कंपनी के इक्विटी शेयरों को किसी मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज द्वारा डीलिस्ट किया गया है, मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज द्वारा एक स्वतंत्र मूल्यांकक नियुक्त किया जाएगा जो डीलिस्ट किए गए इक्विटी शेयरों का उचित मूल्य निर्धारित करेगा.
2. मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज द्वारा विशेषज्ञ मूल्यांकक(कों) का एक पैनल बनाया जाएगा और उक्त पैनल से उप-विनियम (1) के प्रयोजनों के लिए मूल्यांकक(कों) की नियुक्ति की जाएगी.
3. डीलिस्ट किए गए इक्विटी शेयरों का मूल्य सेबी (इक्विटी शेयरों की डीलिस्टिंग) विनियम, 2021 के विनियम 20 के उप-विनियम (2) में उल्लिखित कारकों को ध्यान में रखते हुए मूल्यांकक(को) द्वारा निर्धारित किया जाएगा.
4. कंपनी के प्रवर्तक(कों) द्वारा मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज से डीलिस्टिंग की तिथि से तीन महीनों के भीतर मूल्यांकक द्वारा निर्धारित मूल्य का भुगतान करके सार्वजनिक शेयरधारकों से डीलिस्ट किए गए इक्विटी शेयरों को सार्वजनिक शेयरधारकों द्वारा अपने शेयर बनाए रखने के विकल्प के अधीन उपार्जित किया जाएगा .
5. प्रवर्तक अनिवार्य डीलिस्टिंग पेशकश के अंतर्गत अपने शेयरों की पेशकश करने वाले सभी शेयरधारकों को दस प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होंगे, यदि विनियम 33 के उप-विनियम (3) के अनुसार देय कीमत का विनियम 33 के उप-विनियम (4) के अंतर्गत निर्दिष्ट समयसीमा के भीतर सभी शेयरधारकों को भुगतान नहीं किया जाता है.

कोई भी व्यक्ति जो प्रस्तावित डीलिस्टिंग से व्यथित हो सकता है, **इस नोटिस के 15 कार्य दिवसों के भीतर यानी 09 मई 2023 को या उससे पहले** लिखित रूप से एक्सचेंज की डीलिस्टिंग कमेटी से अभ्यावेदन कर सकता है.

अभ्यावेदन करने वाले व्यक्ति(यों) के पूर्ण संपर्क विवरण के साथ अभ्यावेदन को संबोधित किया जाना चाहिए :

डिलिस्टिंग कमेटी, एन्फोर्समेंट डिपार्टमेंट, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड 'एक्सचेंज प्लाजा, सी-1, ब्लॉक-जी, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई - 400 051. संपर्क नंबर : +91 22 26598100 (23462) , ई-मेल: सीसी: dl-insp-enf-delisting@nse.co.in के साथ mchristachary@nse.co.in, delisting@nse.co.in, compliance_listinginfo@nse.co.in.

किसी भी गुमनाम अभ्यावेदन को वैध नहीं माना जाएगा.

कंपनी को 09 मई 2023 को या उससे पहले कंपनी के प्रवर्तकों/निदेशकों का विवरण अद्यतन करने का निर्देश दिया जाता है. उपरोक्त सूचीबद्ध कंपनी के प्रवर्तकों/निदेशकों से भी उपरोक्त टेलीफोन नंबरों और ईमेल पते पर तुरंत एक्सचेंज से संपर्क करने की मांग की जाती है.

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ़ इंडिया लिमिटेड के वास्ते और की ओर से

स्थान: मुंबई
दिनांक: 18 अप्रैल 2023

Nifty50

QUICK NEWS

प्री-स्कूल तैयारी के लिए 'पहला कदम' अभियान

मुंबई. आने वाले शैक्षणिक सत्र में पहली कक्षा में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए प्री-स्कूल तैयारी के तहत 'पहला कदम' अभियान चलाया जाएगा. इसके तहत 23 से 30 अप्रैल तक छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा. समारोह में स्कूल स्तर पर 3 से 9 वर्ष की आयु के विद्यार्थियों की बुनियादी साक्षरता और उनके बौद्धिक स्तर की जानकारी प्राप्त की जाएगी. राज्य प्राथमिक शिक्षा परिषद के राज्य परियोजना निदेशक कैलाश पगारे ने इस कार्य में अभिभावकों को शामिल करने के लिए राज्य के प्रत्येक वाडी-आबादी में प्रथम चरण-पूर्व विद्यालय तैयारी अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए हैं.

जुहू के नामी कपड़े के स्टोर से लाखों की चोरी

मुंबई. जुहू के एक नामी कपड़े के स्टोर से चोरी का मामला सामने आया हैं, सीसीटीवी में कैद हुई चोरी की वारदात को देखकर आप भी सोचने पर मजबूर हो जाएंगे कि ये महिलाएं आखिर चोर कैसे हो सकती हैं? वारदात जुहू पुलिस स्टेशन के पास मौजूद कियाना वार्डरोब की है जहां 8 अप्रैल को शॉप के अंदर कुछ महिलाएं आती हैं और लगभग 7 लाख के माल पर हाथ साफ कर देती हैं. शॉप के मालिक के मुताबिक उसने कुछ दिन बाद सीसीटीवी देखा तो चोरी की घटना का खुलासा हुआ. महिलाओं ने एक 3.5 लाख की अनारकली, 3 लाख का एक लहंगा और 1 लाख की एक गाउन पर हाथ साफ कर दिया हैं.

WR के महाप्रबंधक ने बांटी 26 दक्षता शील्ड

यशवंतराव चव्हाण ऑडिटोरियम में 68वां रेल सप्ताह पुरस्कार समारोह

■ **मुंबई,** नवभारत न्यूज नेटवर्क. पश्चिम रेलवे के 68वें रेल सप्ताह पुरस्कार समारोह का आयोजन सोमवार को यशवंतराव चव्हाण ऑडिटोरियम में किया गया जिसमें महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र ने उन मंडलों और इकाइयों को 26 दक्षता शील्ड प्रदान की, जिन्हें वर्ष 2022-23 के लिए प्रतिष्ठित महाप्रबंधक की समग्र दक्षता शील्ड सहित विभिन्न क्षेत्रों में सबसे कुशल पाया गया. अहमदाबाद और वडोदरा मंडलों ने संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ समग्र कार्य-निष्पादन के लिए वर्ष 2022-23 के लिए महाप्रबंधक की समग्र दक्षता शील्ड प्राप्त की, जबकि सर्वश्रेष्ठ सुधार शील्ड भावनगर मंडल को प्रदान की गई.

इस अवसर पर पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा क्षमा मिश्रा के साथ विभिन्न विभागों के प्रमुख विभागाध्यक्ष और वरिष्ठ रेल अधिकारी भी उपस्थित थे. मिश्र ने 2022-23 में पश्चिम रेलवे द्वारा प्राप्त की गई विभिन्न उपलब्धियों का उल्लेख किया और कर्मचारियों को संगठनात्मक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रोत्साहित किया. पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सुमित ठाकुर ने बताया कि मुंबई सेंट्रल मंडल ने रोलिंग स्टॉक शील्ड हासिल की जबकि सुरक्षा शील्ड मुंबई सेंट्रल और राजकोट मंडलों द्वारा संयुक्त रूप से हासिल की गई.

समारोह में दो बुकलेट का किया गया विमोचन

सिविल इंजीनियरिंग शील्ड मुंबई सेंट्रल और अहमदाबाद मंडलों द्वारा संयुक्त रूप से हासिल की गई. सर्वश्रेष्ठ रख-रखाव वाले रनिंग रूम के लिए रोलिंग शील्ड रतलाम मंडल द्वारा प्राप्त की गई, जबकि भावनगर वर्कशॉप सर्वश्रेष्ठ वर्कशॉप शील्ड (यांत्रिक) का विजेता रहा. महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र ने 68वें रेल सप्ताह समारोह के दौरान दो बुकलेट - 'ऑलवेज स्टेडी, फ्यूचर रेडी' और 'लाइट, कैमरा, एक्शन' का भी विमोचन किया. इस अवसर पर एक लघु फिल्म 'विकास की नई परिभाषा' का प्रदर्शन किया गया, जिसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया.

PNB की शाखा अब नए परिसर में

अंचल प्रबंधक महापात्र ने किया उद्घाटन, शाखा प्रबंधक ने जताया आभार

■ **पनवेल,** नवभारत न्यूज नेटवर्क. पंजाब नेशनल बैंक की शाखा न्यू पनवेल को नए परिसर में स्थानांतरित किया गया है. सोमवार को न्यू पनवेल शाखा के नए परिसर का उद्घाटन मुंबई अंचल के अंचल प्रबंधक एवं मुख्य महाप्रबंधक बी.पी. महापात्र द्वारा किया गया. महापात्र ने अपने उद्बोधन में सभी को बैंक की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि महाराष्ट्र में पंजाब नेशनल बैंक की लगभग 400 शाखाएं कार्यरत हैं, जिसमें से ठाणे मंडल में 67 शाखाएं हैं. सोमवार को न्यू पनवेल शाखा के नए परिसर को ग्राहकों को समर्पित करते हुए अंचल प्रबंधक ने समस्त ग्राहकों का आभार व्यक्त किया.

अच्छा रहा व्यवसाय

इस अवसर पर मंडल प्रमुख अर्जुन मूलचंदानी एवं शाखा के गणमान्य अधिकारी एवं शाखा के ग्राहक उपस्थित थे. मंडल प्रमुख ने भी ग्राहकों का अभिनन्दन किया और बताया कि न्यू पनवेल शाखा का व्यवसाय काफी अच्छा रहा है और भविष्य में अपने ग्राहकों के साथ हम अपने व्यापार को और अधिक बढ़ाएंगे. शाखा प्रबंधक राजेन्द्र काटकर ने सभी ग्राहकों को धन्यवाद ज्ञापित किया.

नगर में आज

- मराठा क्रांति मोर्चा : मराठा आरक्षण पर बैठक, सहायद्री गेस्ट हाऊस, शाम 4 बजे.
- जनार्दन भगत शिक्षण प्रसारण संस्था : राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 संभावना और चुनौतियां, खांदाकालोनी, ठाकुर महाविद्यालय, दोपहर 3 बजे.
- नेहरू विज्ञान केंद्र : आर्ट एंड क्राफ्ट पर कार्यशाला, नेहरू विज्ञान केंद्र, वरली समय, दोपहर 11 बजे.
- वर्ड ट्रेड सेंटर : फैशन आज और कल, विषय पर प्रदर्शनी, कफ परेड, सुबह 11 बजे.
- नेहरू सेंटर आर्ट गैलरी : चित्रकारों की सामूहिक कला प्रदर्शनी, नेहरू सेंटर आर्ट गैलरी, वरली, सुबह 11 बजे.
- जहांगीर आर्ट गैलरी : कुडाल हीरे मठ की एकल चित्रों की प्रदर्शनी, जहांगीर आर्ट गैलरी, वरली, सुबह 11 बजे.

एयरपोर्ट जैसे बनेंगे राज्य के बस स्टेशन

रेल इंफ्रास्ट्रक्चर को और किया जाएगा मजबूत : शिंदे

13, 000 करोड़ की निधि दी केंद्र ने

■ **मुंबई,** नवभारत न्यूज नेटवर्क. मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि महाराष्ट्र रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन अर्थात महारेल के जरिये राज्य में आगामी एक साल में 100 रेलवे उड़ान पुल का निर्माण किया जाएगा और अगले 5 सालों में राज्य के रेलवे की यात्रा फाटक मुक्त अर्थात लेवल क्रॉसिंग से मुक्त हो जाएगी. उन्होंने कहा कि महारेल के माध्यम से ही राज्य के बस स्थानकों का एयरपोर्ट की तरह ही निर्माण कार्य कर अपग्रेड किया जाएगा. उसकी शुरुआत नागपुर के बस स्टेशन से की जाएगी. विदर्भ के रेलवे उड़ान पुल का लोकार्पण एवं भूमि पूजन कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री ने यह घोषणा की. उन्होंने कहा कि राज्य के रेलवे फाटक पूरी तरह से बंद करने के लिए राज्य सरकार को केंद्र की ओर से हर संभव मदद की जाएगी. इसके लिए राज्य गौरतलब हो कि देवेंद्र फडणवीस के मुख्यमंत्री पद के कार्यकाल में महारेल की स्थापना की गई थी और इसका मुख्य उद्देश्य महारेल के माध्यम से रेलवे की ढांचागत सुविधाओं का जाल महाराष्ट्र में मजबूत करना है. उपमुख्यमंत्री फडणवीस ने बताया कि महारेल के जरिये राज्य में विकास कामों को करने के लिए केंद्र सरकार ने पिछले सिर्फ एक साल में 13 हजार करोड़ रुपये इतना निधि राज्य सरकार को दिया है. केंद्र व राज्य सरकार के सहभागिता से अधिकाधिक विकास कार्यों को किया जाएगा. यह सहभागिता आगे भी कायम रखते हुए महारेल के माध्यम से राज्य के बस स्थानकों को भी एयरपोर्ट की तरह ही सुंदर व सुसज्ज किये जाए और शुरुआत नागपुर बस स्थानक से की जाये, यह मांग उन्होंने इस दौरान की. सीमेंट रास्ते के निर्माण कार्य के तीसरे चरण में नागपुर के करीब-करीब सभी महत्वपूर्ण रास्ते सीमेंट के किये जायेंगे.

में 1200 करोड़ रुपये 25 रेलवे पुलों को तुरंत ही मंजूरी दिए जाने की घोषणा भी केंद्रीय रास्ते परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितीन गडकरी ने इसी दौरान की. भूमिपूजन हुए नए छह फ्लाईओवर का कुल अनुमानित खर्च 600 करोड़ रुपये है और लोकार्पण हुए फ्लाईओवर के लिए कुल 306 करोड़ रुपए खर्च आया है.

भारतीय पासपोर्ट पर दुबई यात्रा करने की कोशिश का आरोप

एयरपोर्ट से अफगानी अरेस्ट

■ **मुंबई,** नवभारत न्यूज नेटवर्क. मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन के अधिकारियों ने एक 48 वर्षीय अफगान नागरिक को कथित तौर पर फर्जी भारतीय पासपोर्ट पर दुबई जाने की कोशिश करने के आरोप में पकड़ कर सहार पुलिस के हवाले कर दिया है. उसकी पहचान अफगानिस्तान के पक्तिका प्रांत के रहने वाले वली खान अफगान के रूप में की गई है. सहार पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आईपीसी की संबंधित धाराओं के तहत धोखाधड़ी, प्रतिरूपण, जालसाजी और विदेशी अधिनियम और पासपोर्ट अधिनियम के उल्लंघन का मामला दर्ज किया है और जांच चल रही है. इमिग्रेशन ब्यूरो की शिकायत के अनुसार जब मुंबई हवाई अड्डे पर एक इमिग्रेशन अधिकारी इमिग्रेशन चेक कर रहा था तो एक यात्री इमिग्रेशन काउंटर नंबर 33 पर पहुंचा और उसने एक भारतीय पासपोर्ट और अन्य यात्रा दस्तावेज प्रस्तुत किए. यात्री टूरिस्ट वीजा पर यूएई जा रहा था और उसके पास वापसी का टिकट भी था.

पटना से झूठे दस्तावेज जमा कर बनवाया था पासपोर्ट

अधिकारी को संदेह हुआ, क्योंकि बातचीत के दौरान वह व्यक्ति एक अफगान नागरिक की तरह लग रहा था. अधिकारी ने अपने वरिष्ठों की एक टीम के सामने यात्री को खड़ा किया और उक्त यात्री की पूछताछ के दौरान यह पता चला कि वह वास्तव में एक अफगान नागरिक है, उसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया. हालांकि पुलिस अभी तक उसके फर्जी पासपोर्ट पर यूएई की यात्रा के उद्देश्य का पता नहीं लगा पाई है. एक और जांच से पता चला कि उसने पटना, बिहार में पासपोर्ट कार्यालय में झूठे दस्तावेज जमा करके अवैध रूप से भारतीय पासपोर्ट प्राप्त किया है.